भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 1234

**दिनांक 11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# शिपमेंट वैल्यू

**1234. श्री टी. एम. सेल्वागणपतिः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि दिसंबर 2024 में भारत के माल निर्यात में साल–दर–साल एक प्रतिशत की गिरावट आई और यह 38 बिलियन अमेरिकी डॉलर से भी कम हो गया;

(ख) क्या यह भी सच है कि दिसंबर, 2024 में आयात 4.9 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया;

(ग) क्या यह भी सच है कि दिसंबर का व्यापार घाटा 17 प्रतिशत अधिक था, जबकि वित्तीय वर्ष के दौरान कुल घाटा 11.1 प्रतिशत से बढकर 210.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान हर तिमाही में शिपमेंट मूल्य बढ़े हैं; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (ग)** भारत के व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात, आयात और व्यापार संतुलन का विवरण अनुलग्नक–1 (तालिका–1) पर संलग्न है। यह सूचना https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID = 2093104 पर भी उपलब्ध है।

**(घ) एवं (ड.)** शिपमेंट मूल्य का विवरण भारत के समग्र व्यापारिक वस्तुओं के व्यापार (निर्यात और आयात) को कवर करेगा और इस के संबंध में सूचना अनुलग्नक–I (तालिका 2) पर संलग्न है।

अनुलग्नक–I

**11 फरवरी 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1234 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

भारत के व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात–आयात और व्यापार संतुलन निम्नानुसार हैः

**तालिका 1**

| | | | | | | **मूल्य बिलियन अमेरिकी डॉलर में** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **दिसम्बर 2023–2024** | **दिसम्बर 2024–2025** | **% परिवर्तन** | **अप्रैल–दिसम्बर 2023–2024** | **अप्रैल–दिसम्बर 2024–2025** | **% परिवर्तन** |
| **निर्यात** | 38.4 | 38.0 | -1.0 | 316.6 | 321.7 | 1.6 |
| **आयात** | 57.2 | 59.9 | 4.9 | 506.4 | 532.5 | 5.2 |
| **व्यापार संतुलन** | -18.8 | -21.9 | 16.9 | -189.7 | -210.8 | 11.1 |

*स्रोतः डीजीसीआईएंडएस; 2024–25 हेतु आंकड़े अनंतिम हैं*

भारत का तिमाही समग्र व्यापार (निर्यात+आयात) निम्नानुसार हैः

**तालिका 2**

| | **मूल्य बिलियन अमेरिकी डॉलर में** |
|---|---|
| **तिमाही** | **समग्र व्यापारिक वस्तुओं का व्यापार (निर्यात + आयात)** |
| **तिमाही 1 (2024–25)** | 282.2 |
| **तिमाही 2 (2024–25)** | 276.0 |
| **तिमाही 3 (2024–25)** | 296.0 |

*स्रोतः डीजीसीआईएंडएस; 2024–25 हेतु आंकड़े अनंतिम हैं*

*****